24-09-2024

**FORM NO.111**

फर्द अहकाम

(नियम 26)

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर (नीमकाथाना)

तहसीलदार श्रीमाधोपुर बनाम पटवारी हल्का खटकड

किस्म मुकदमा –प्रा0पत्र प्रचलित रास्ता अ.धा.131, 132 एल.आर.एक्ट मुकदमा नम्बर 84/2024

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय लघु हस्ताक्षर |
|---|---|
| 24.09.2024 | तहसीलदार श्रीमाधोपुर के द्वारा जरिये पत्र क्रमांक 07/भू.अ./2024 दिनांक 25.06.2024 के द्वारा तहसील श्रीमाधोपुर के राजस्व ग्राम खटकड पटवार हल्का खटकड के कृषि भूमि खसरा नम्बर 999/799, 1007/809, 808, 796 मे से जा रहे पीली का जोहडा जाने वाली सडक से ढाणी भूरजी वाली से लगता हुआ प्रचलित रास्ता जो मौके पर चालू है उक्त प्रचलित रास्ते का अंकन राजस्व अभिलेख में दर्ज करवाने हेतु प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 131, 132 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 व नियम 58, 59, 60, 66 व 86 राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 मय दस्तावेजात नकल जमाबन्दी, नकल नक्शा, गुगल मैप, सहमति पत्र हस्ताक्षरित संबंधित खातेदारान, फर्द मौका सीमाज्ञान रिपोर्ट पटवारी हल्का खटकड संलग्न है। जिसे तहसीलदार श्रीमाधोपुर ने अपनी अभिशंषा रिपोर्ट के साथ इस न्यायालय को प्रेषित किया हैं। विविध प्रार्थना पत्र प्रचलित रास्ता न्यायालय के क्षेत्राधिकार एवं श्रवणाधिकार का होने से प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया।<br><br>श्रीमान् संयुक्त शासन सचिव, राजस्व (ग्रुप–6) जयपुर राजस्थान सरकार का परिपत्र क्रमांक प.3 (...)/2009/पार्ट जयपुर दिनांक 10.08.2016 एवं ... प्रस्तावें व संलग्न दस्तावेजात का ध्यानपूर्वक अवलो... व मनन किया गया। रास्ते के मौके पर कदीमी रूप से चालू होकर सार्वजनिक रूप से काम में आने, प्रस्तावित रास्ते पीली का जोहडा जाने वाली सडक से ढाणी भूरजी |

Signature Not Verified
Digitally signed by Anil Kumar
Date: 2024.09.30 14:47:44 IST
Reason: SelfAttested

बाली से लगता हुआ प्रचलित रास्ता जो मौके पर चालू होकर रास्ते के सार्वजनिक आवागमन के उपयोग में आने से एवं तहसीलदार श्रीमाधोपुर की अनुशंषा के मध्यनजर प्रार्थना पत्र न्यायहित में स्वीकार किया जाना न्यायोचित प्रतित होता है।

अतः प्रार्थी द्वारा पेश प्रार्थना पत्र न्यायहित में स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार श्रीमाधोपुर को आदेश दिया जाता है कि वे न्यायालय निर्णय अनुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद करे। प्रकरण में विस्तृत निर्णय पृथक से मेरे द्वारा लिखाया जाकर शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफतर हो।

(अनिल कुमार )
उपखण्ड अधिकारी
श्रीमाधोपुर (नीमकाथाना)

Signature Not Verified

Digitally signed by Anil Kumar
Date: 2024.09.30 14:47:44 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, श्रीमाधोपुर (नीमकाथाना)
पीठासीन अधिकारी– अनिल कुमार (आर.ए.एस.)

प्रार्थना पत्र संख्या– 84/2024 निर्णय दिनांक: 24.09.2024

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार श्रीमाधोपुर के प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 131, 132 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम– 1956

## आदेश

तहसीलदार श्रीमाधोपुर के द्वारा जरिये पत्र क्रमांक 07/भू.अ./2024 दिनांक 25.06.2024 के द्वारा प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 131, 132 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 व नियम 58, 59, 60, 66 व 86 राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 मय दस्तावेजात नकल जमाबन्दी, नकल नक्शा, गुगल मैप, प्रचलित रास्ते की फर्द मौका रिपोर्ट जिस पर सहमति बतौर संबंधित कुछ खातेदारान के हस्ताक्षर अंकित है तथा अभिशंषा रिपोर्ट के साथ इस न्यायालय को प्रेषित किया हैं। श्रीमान् संयुक्त शासन सचिव, राजस्व (ग्रुप–6) जयपुर राजस्थान सरकार का परिपत्र क्रमांक प. 3 (2) राज–6/2003/पार्ट जयपुर दिनांक 10.08.2016 एवं तहसीलदार श्रीमाधोपुर द्वारा भिजवाये गये प्रस्तावें व संलग्न दस्तावेजात का ध्यानपूर्वक अवलोकन व मनन किया गया। तहसील श्रीमाधोपुर के राजस्व ग्राम खटकड पटवार हल्का खटकड के कृषि भूमि खसरा नम्बर 999/799, 1007/809, 808, 796 मे से जा रहे पीली का जोहडा जाने वाली सडक से ढाणी भूरजी वाली से लगता हुआ प्रचलित रास्ता जो मौके पर चालू होने प्रस्तावित रास्ते के सार्वजनिक आवागमन के उपयोग में आना बताया गया है। साथ ही तहसीलदार श्रीमाधोपुर ने उक्त रास्ते को राजस्व रिकार्ड में अंकित करने हेतु अपनी स्पष्ट अभिशंषा रिपोर्ट भी पेश की है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Anil Kumar
Date: 2024.09.30 14:47:44 IST
Reason: SelfAttested

इस प्रकार यह विविध प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 131, 132 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 व नियम 58, 59, 60 व 86 राजस्थान भू–अभिलेख नियम 57के

उपखण्ड अधिकारी
श्रीमाधोपुर (नीमकाथाना)

तहत स्वीकार किये जाने योग्य होने से स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार श्रीमाधोपुर द्वारा भिजवाए गए प्रस्ताव में अंकित खसरा नम्बरान में से रास्ते के काम आ रहे रकबे को निम्नानुसार गैर मुमकिन रास्ता दर्ज किए जाने की स्वीकृति दी जाती है।

| क्र. स. | नाम पटवार मण्डल | राजस्व ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | रकबा जो रास्ते में काम आ रहा है। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खटकड | खटकड | 999 / 799 | 1.2287 | 0.0190 |
| 2 | खटकड | खटकड | 1007 / 809 | 0.3921 | 0.0080 |
| 3. | खटकड | खटकड | 808 | 0.0300 | 0.0050 |
| 4. | खटकड | खटकड | 796 | 0.0700 | 0.0050 |
| 5. | खटकड | खटकड | 999 / 799 | 1.2287 | 0.0130 |

तहसीलदार श्रीमाधोपुर को उक्त मौके पर चालू रास्ते का अंकन राजस्व रिकार्ड एवं राजस्व नक्शे में तहसीलदार श्रीमाधोपुर द्वारा प्रस्तावित संलग्न नक्शा ट्रेस में अंकित / दर्ज खातेदारी भूमियों में आने वाली भूमियों का लगान कम किये जाने के आदेश दिये जाते है। गैर मुमकिन रास्ते की भूमि संबंधित खातेदारान के खाते में ही दर्ज राजस्व रिकार्ड रहेगी। तहसीलदार श्रीमाधोपुर से प्राप्त प्रस्ताव एवं नक्शा ट्रेस उक्त आदेश का भाग रहेंगे। तहसीलदार श्रीमाधोपुर एक माह में पालना रिपोर्ट इस कार्यालय में पेश करे।

(अनिल कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
श्रीमाधोपुर (नीमकाथाना)

यह आदेश आज दिनांक 24.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

(अनिल कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
श्रीमाधोपुर (नीमकाथाना)

Signature Not Verified
Digitally signed by Anil Kumar
Date: 2024.09.30 14:47:44 IST
Reason: SelfAttested